प्रेस नोट

दिनांक 27.10.2024

जनपद गोण्डा।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा आगामी त्योहारों धनतेरस/दीपावली/भाईदूज/छठपूजा आदि को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने हेतु की गई तैयारियों के संबंध में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश-

आज दिनांक 27.10.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली, भाईदूज व छठपूजा को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने हेतु की गई तैयारियों के संबंध में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि त्योहार के पहले सभी प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों से फॉर्म भरवाकर डीजे संचालकों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर नोट कर ले तथा उनसे समन्वय स्थापित कर हिदायत दिया जाये की डीजे को निर्धारित आवाज में भक्ति गीत ही बजाएंगे तथा कोई भी आपत्तिजनक/भड़काऊ गाने नहीं बजाए जाएंगे । प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षित व सकुशल संपन्न कराया जाए । अराजक तत्वों/शराब पी कर हुड़दंग करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाये । भीड़-भाड़/कार्यक्रम स्थल व आस-पास पर्याप्त संख्या में वर्दी व सादे कपड़ो में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी जाये । आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों व अराजक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाकर निगरानी करते हुए कानूनी कार्यवाही की जाएगी। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी । इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार डायवर्जन की भी व्यवस्था की जाए । सभी प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रमों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। साथ ही प्रभारी मीडिया सेल को निर्देशित किया गया की लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जाये तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना सोशल प्लेटफार्म पर यदि किसी के द्वारा फैलायी गयी तो उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाये।

गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी मीडिया सेल आदि मौजूद रहे।

मीडिया सेल, गोण्डा।

<u>प्रेस नोट</u>
<u>दिनांक 27.10.2024</u>

<u>परिवार परामर्श केन्द्र में 02 जोड़ा एक साथ रहने को हुआ राजी:-</u>

गोण्डा। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 02 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

<u>परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण-</u>
श्री गंगाधर शुक्ला, श्रीमती संतोष ओझा, श्री शाशी कुमार भारती, श्री राजमंगल मौर्या, श्री यशोदानन्दन त्रिपाठी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती प्रतीभा सिंह, म0का0नेहा सिंह, म0का0 विनीता यादव, म0का0 बेबीराजू यादव आदि मौजूद रही।

<u>मीडिया सेल, गोंडा।</u>